<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023: इरेडा के सीएमडी ने सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर 2023

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने आज वर्चुअल तरीके से सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और 'भ्रष्टाचार का विरोध करें ; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें विषय के साथ 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023' की शुरुआत हुई । यह प्रतिज्ञा समारोह, इरेडा के पंजीकृत कार्यालय में हाइब्रिड मोड के माध्यम से डॉ. बिजय कुमार मोहंती, निदेशक (वित्त) और श्री अजय कुमार साहनी, मुख्य सतर्कता अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित किया गया था।

इस समारोह के दौरान, इरेडा के सीएमडी ने संगठन में सत्यनिष्ठा और नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के लिए नियोजित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और भ्रष्टाचार के प्रति शून्य-सहिष्णुता नीति का सख्ती से पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, इरेडा द्वारा सतर्कता और नैतिकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सूचनात्मक और आकर्षक गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित किया जाएगा। सुशासन के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने में निवारक सतर्कता के महत्व पर कर्मचारियों और हितधारकों को शिक्षित करने के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार, प्रतियोगिताएं और इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए जाएंगे।



यह सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन इरेडा के कार्यालयों तक ही सीमित नहीं है; परंतु यह संगठन राष्ट्र की वृद्धि और विकास में सतर्कता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए, व्यापक समुदाय में जागरूकता पैदा करने के अपने प्रयासों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।